श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

क्रमांक एफ-03/95/ला.ब.शा.रा.सं.वि./2023-24/1807 दिनांक 09.05.2024

प्रवेश हेतु पंजीकरण सूचना (सीयूईटी-पी.जी.2024-25)

विषयः विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी-पी.जी. 2024-25) के आधार पर श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु पंजीकरण करवाने के सम्बन्ध में।

सूचित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों द्वारा श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों **आचार्य (एम.ए.), एम.ए. (योग, हिन्दी, हिन्दू-अध्ययन, समाजशास्त्र, अंग्रेजी), शिक्षाशास्त्री एवं शिक्षाचार्य** में प्रवेश हेतु एन.टी.ए. द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा में भाग लिया था वे अभ्यर्थी प्रवेश हेतु ऑनलाईन माध्यम से विश्वविद्यालय वेबसाईट पर निर्धारित पोर्टल https://slbsrsvcuet.samarth.edu.in/pg/ पर **दिनांक 13.05.2024 से 31.05.2024 तक पंजीकरण करवा सकते है।** पंजीकरण हेतु 300/- रूपये ऑनलाईन माध्यम से जमा करवाना अनिवार्य होगा।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार उक्त प्रवेश परीक्षा में प्राप्त स्कोर की वरीयता सूची के अनुसार प्रवेश समिति की अनुशंसा के आधार पर प्रवेश प्रदान किया जायेगा। प्रवेश हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया से सम्बन्धित सूचना पृथक् से विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर जारी की जोयगी।

नोटः प्रवेश हेतु विस्तृत विवरण तथा शैक्षणिक नियम परिचायिका विश्वविद्यालय की वेबसाईट (slbsrsv.ac.in) **पर उपलब्ध है। जानकारी हेतु अभ्यर्थी आवश्यकतानुसार विश्वविद्यालय से भी सम्पर्क कर सकते हैं। सम्पर्क सूत्र/Helpline Number: 011-46060503/548/542**

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि सूचनार्थः

1. समस्त पीठ प्रमुख/विभागाध्यक्ष
2. निदेशक, IQAC एवं कुलानुशासक
3. उपकुलसचिव (परीक्षा)
4. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर
5. जन सम्पर्क सूचना अधिकारी
6. सहायक कुलसचिव (लेखा)
7. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि ऑनलाईन माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया से सम्बन्धित आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न करने तथा उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रेषित करने का कष्ट करें।
8. सम्बन्धित पंजिका
9. सूचना पट्ट

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)